### एक नजर में




### खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को किया सम्मानित

**सीहोर.** आईईएस पब्लिक स्कूल द्वारा खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित करने के लिए स्पोर्ट्स फेलिसिटेशन और स्कॉलरशिप अवार्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया. जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि अरुण योगीराज द्वारा किया गया. कार्यक्रम में छात्रों के अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, राज्य, डिवीजन और जिला स्तर पर शानदार प्रदर्शन को पहचान मिली. आईईएस यूनिवर्सिटी के चांसलर इंजीनियर बीएस यादव ने किया. इस दौरान छात्रों को 75 लाख की स्कॉलरशिप के साथ ट्रॉफी, सर्टिफिकेट से अभिनव कुमार, उदित तिशनीवाल, पार्थ पांडे, तनहिष्क भाटी, प्रबल प्रताप सिंह, विराज जाट, दिव्या जोशी, अंश मेवाड़ा, उजेर खान, अमायरा दीप आदि को सम्मानित किया. प्रोफ मनीषा कव्थेकर, ग्रुप डाइरेक्टर आईईएस पब्लिक स्कूल द्वारा ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार माना



### मोटराइज्ड ट्राई साइकिल पाकर खिल उठे चेहरे

**सीहोर.** जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण किया. उन्होंने केंद्र द्वारा चिन्हित किए गए 05 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल वितरित की. मोटराइज्ड ट्राई साइकिल पाने के बाद दिव्यांगजनों के चेहरे खिल उठे. सीईओ सर्जना यादव ने केंद्र में के सभी अनुभागों का निरीक्षण कर गतिविधियों की जानकारी ली. एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर अंकिता ठाकुर ने जानकारी दी कि केंद्र में दिव्यांगजनों को विशेष शिक्षा, मोबिलिटी ट्रेनिंग, असेसमेंट, काउंसलिंग, श्रवण जांच, फिजियोथेरेपी, कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण सहित अन्य सुविधाएं प्रदान की जाती हैं. शासन की योजनाओं का लाभ दिलाया जाता है.




### महिला स्वास्थ्य शिविर में की नि:शुल्क जांच

**बुधनी.** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित नारी चेतना अभियान के तहत जनपद परिसर में एक दिवसीय महिला स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. धनजीत बड़ोदिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ. शिविर में पैथोलॉजी प्रभारी प्रशांत दुबे एवं डॉ. माहिदा द्वारा उपस्थित महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सीय परामर्श प्रदान किया गया. इस दौरान महिलाओं की बीपी, शुगर सहित रक्त संबंधी अन्य जांचें भी की गई. शिविर में जतिन बघेल एवं मनीष तिवारी ने भी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर सहयोग किया.



### मुकाती बने हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष

**आष्टा.** गुरुवार को हिंदू उत्सव प्रबंध समिति की बैठक आयोजित की गई. जिसकी अध्यक्षता समाजसेवी पारसमल सिंघवी ने की. बैठक में नारायण मुकाती उर्फ भूरु को सर्वसम्मति से समिति का अध्यक्ष चुना गया. बैठक में बाबूलाल ठाकुर, सुधीर पाठक, शेषनारायण मुकाती, नरेन्द्र गंगवाल, कैलाश सोनी जयश्री, राजेन्द्र जायसवाल, संजय सोनी बंटू, पंकज यादव, रवि सोनी, उमेश शर्मा सहित दिनेश सोनी, राजेन्द्र सोलंकी एवं ज्ञानसिंह ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित थे. अंत में नव-निर्वाचित अध्यक्ष श्री मुकाती ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे समिति के उद्देश्यों के अनुरूप धार्मिक एवं सामाजिक समरसता के साथ हिंदू उत्सवों का सफल आयोजन सुनिश्चित करेंगे.



### श्री शतचंडी महायज्ञ में उमड़ा जनसैलाब

**शाहगंज.** नगर में मकर संक्रांति पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया. नर्मदा नदी में सुबह से ही स्नान करने वालों का हुजूम उमड़ पड़ा. नर्मदा नदी के पावन तट पर दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने मां रेवा में डुबकी लगाई. गुरुवार को भी सुबह से ही नर्मदा तट पर श्रद्धालुओं का हुजूम उमर पड़ा श्रद्धालुओं ने हर हर नर्मदे के गगनभेदी उद्घोषों के साथ नर्मदा स्नान किया. नर्मदा स्नान के पश्चात श्रद्धालुओं ने नर्मदा तट पर चल रहे श्री शतचण्डी महायज्ञ के दर्शन कर परिक्रमा कर धर्म लाभ लिया. प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री शतचंडी यज्ञ का आयोजन भी किया जा रहा है. श्री शतचंडी महायज्ञ का समापन शुक्रवार को पूर्णाहुति, प्रसाद वितरण एवं कन्या भोज के साथ होगा. श्रद्धालुओं ने चुनरी यात्रा निकालकर मां नर्मदा को हजारों मीटर लंबी चुनरी भेंट की.

# दबंगों व पुलिस से प्रताड़ित युवक ने खाया जहर

## जावर के युवक ने जहर का सेवन करते हुए खुद का वीडियो बनाया व सोशल मीडिया पर किया वायरल

- टीआई व तीन लोगों पर लगाया प्रताड़ित करने का आरोप
- युवक का उपचार इंदौर में जारी, हालत चिंताजनक

नवभारत न्यूज

**सीहोर/ जावर 15 जनवरी. जिले के जावर थाना क्षेत्र में एक युवक ने खुद का वीडियो बनाते हुए जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया. इसके बाद उसने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करते हुए जावर थाना पुलिस और तीन लोगों पर उसे प्रताड़ित करने का आरोप लगाया. युवक का फिलहाल इंदौर के अस्पताल में उपचार चल रहा है, जबकि मामले में पुलिस का कहना है कि युवक और उसके दोस्त की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया जा चुका है.**

जानकारी के अनुसार स्थानीय जावर निवासी शिशुपाल ठाकुर ने जहरीले पदार्थ का सेवन करने का वीडियो बनाया. इस दौरान उसने वीडियो में थाना प्रभारी और तीन लोगों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए आत्महत्या करने के लिए जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया. उसका आरोप था कि 27 तारीख के दिन जो कार्यक्रम आष्टा में हुआ था उसके बाद से मुझे लगातार अंकुश सिंह निवासी मेहतवाड़ा और जावर निवासी रितेश बागवान व बाबू मोगिया द्वारा लगातार परेशान किया जा रहा है. शिशुपाल ठाकुर का कहना था कि विवाद की शिकायत करने जब वह थाने गया तो कोई सुनवाई नहीं हुई, बल्कि उल्टा रात को 1 से 2 बजे के बीच टीआई मैडम उसके घर आईं और उसे धमकाया. शिशुपाल ने आरोप लगाया कि मैडम ने मुझसे कहा कि अब ढाबा चलाकर दिखाना, मैं तेरे घर और ढाबे पर दबिश दूंगी. उन्होंने मेरे पिता के सामने मेरी बेइज्जती की और मुझे जबरदस्ती गाड़ी में बिठाकर ले जाने लगीं. नतीजतन पुलिस के गैर जिम्मेदाराना रवैये से आहत होकर शिशुपाल ठाकुर कैमरे पर लाईव आया और जहरीले पदार्थ के पैकेट को दांत से फाड़ते हुए पावडर गिलास में डाला और पानी डालकर उसे घोलकर पी गया. फिलहाल युवक का इंदौर में इलाज चल रहा है जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है. मामले में पुलिस का यह भी कहना है कि 2 जनवरी को भी दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था, जिसमें तब समझौता हो गया था, लेकिन कल रात फिर से गाली-गलौज और विवाद हुआ, जिसके बाद यह कदम उठाया गया. वीडियो में युवक ने अपने 1 साल के बेटे और 4 साल की बेटी की दुहाई देते हुए इंसाफ की मांग की है.




**जावर.** मामले की गंभीरता को देखते हुए एएसपी सुनीता रावत थाने पहुंच गई थीं. इन्सेट में जहरीले पदार्थ का सेवन करने वाला युवक.

### युवक के आत्मघाती कदम से पुलिस महकमे में हड़कंप

इस घटनाक्रम के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप का माहौल निर्मित हो गया. एसडीओपी आकाश अमलकर द्वारा बताया गया कि सोशल मीडिया के माध्यम से एक वीडियो प्राप्त हुआ है जिसमें शिशुपाल ठाकुर आत्महत्या का प्रयास करते हुए दिख रहा है और कुछ लोगों पर आरोप लगा रहे हैं. वीडियो को संज्ञान में लेकर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है. वहीं आरोपों से घिरी थाना प्रभारी नीता देअरवाल का कहना है कि शिशुपाल उनके भाई जैसा है. मामले की गंभीरता को भांपते हुए जिला मुख्यालय से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुनीता रावत भी जावर थाने पहुंची और मातहत अधिकारियों से संपूर्ण जानकारी ली. इसके अलावा अतिरिक्त पुलिस बल भी बुलाया गया है.

### रात में ही दर्ज कर लिया था प्रकरण

कल दोनों पक्षों में पुन: विवाद हुआ था. जिस पर थाना जावर में कल रात्रि में विनोद परमार और शिशुपाल ठाकुर की शिकायत पर धारा 296 (बी), 351(3),3(5) बी एन एस तथा एससी एसटी एक्ट के अंतर्गत आरोपी रितेश बाग़बान और बाबू मोंगिया के खिलाफ पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है.

**आकाश अमलकर**
एसडीओपी, आष्टा

### मंदिर में चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार



**रेहटी.** रूद्रधाम आश्रम रमगढ़ा में मंदिर का ताला तोड़ कर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर दानपेटी व नगदी बरामद कर ली गई है. जानकारी के अनुसार फरियादी विनीत तिवारी निवासी ग्राम रूद्रधाम आश्रम मंदिर रमगढ़ा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 9 दिसंबर की रात्रि में शनि मंदिर के शटर का ताला तोड़कर भीतर रखी सिंदूरी रंग की दान पेटी चोरी कर ली गई थी, जिसमें लगभग 5 हजार रुपए नगद थे. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी. थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कहारे के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई. मुखबिर की सूचना एवं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदेही युसूफ पिता मुंशी खां निवासी पानीगांव, थाना कांटाफोड़ जिला देवास से पूछताछ की गई. पूछताछ के दौरान उसने अपने साथियों असलम पिता यासिन खां एवं नर्मदा प्रसाद मालवीय पिता रमेश मालवीय के साथ मिलकर रूद्रधाम आश्रम, रमगढ़ा में चोरी की घटना को अंजाम देना कबूल किया. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई दानपेटी तथा 1 हजार 920 रुपए नगद जब्त किए हैं.

### मेंटेनेंस कार्य के चलते नहीं रहेगी बिजली

**शाहगंज.** 132 केवी डुंगरिया उपकेंद्र पर लाइन मेंटेनेंस कार्य किए जाने के कारण 16 जनवरी को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी. इस दौरान वितरण केंद्र शाहगंज से जुड़े विभिन्न फीडरों से विद्युत आपूर्ति नहीं हो सकेगी. विद्युत विभाग के सहायक प्रबंधक योगेंद्र अहिरवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्युत विभाग द्वारा भविष्य में निर्बाध एवं सुरक्षित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह मेंटेनेंस कार्य किया जा रहा है. शटडाउन के चलते 33/11 केवी उपकेंद्र शाहगंज, परसवाड़ा, जवाहरखेड़ा, डोबी, सरदारनगर एवं ग्राम नारायणपुर से निकलने वाले फीडर बंद रहेंगे. विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से असुविधा के लिए सहयोग की अपील की है. उन्होंने बताया कि अति आवश्यक संधारण कार्य के चलते शुक्रवार को सुबह 10 से शाम पांच बजे तक विद्युत आपूर्ति व्यवस्था बाधित रहेगी.

# मतदाता सूची में नाम जुड़वाने मतदाताओं में दिखी उदासीनता

- नो मैपिंग मतदाताओं की सुनवाई प्रक्रिया प्रारंभ
- अब तक 2053 मतदाता ही दस्तावेज लेकर पहुंचे

नवभारत न्यूज

**सीहोर 15 जनवरी.** जिले में एसआईआरके दूसरे चरण के तहत नो-मैपिंग मतदाताओं की सुनवाई की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, लेकिन मतदाता सूची में नाम जुड़वाने को लेकर मतदाताओं में अपेक्षित उत्साह नजर नहीं आ रहा है. इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जिले में नो-मैपिंग श्रेणी में दर्ज कुल 11 हजार 339 मतदाताओं में से अब तक केवल 2053 मतदाता ही आवश्यक दस्तावेज लेकर सुनवाई के लिए उपस्थित हुए हैं. यानी कि मात्र 18 फीसदी मतदाता सुनवाई के लिए पहुंचे हैं.

जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार जिले के सभी नो-मैपिंग मतदाताओं को सुनवाई के लिए नोटिस जारी किए जा चुके हैं. उन्हें सुनवाई के लिए अलग-अलग दिन का समय दिया गया है. इधर गुरुवार को कलेक्टर बालागुरू के. ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की. बैठक में अनमैप मतदाताओं को नोटिस जारी करने, दावे-आपत्तियां प्राप्त करने तथा सुनवाई की कार्रवाई की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई. कलेक्टर ने निर्देश दिए कि बीएलओ सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मतदाताओं को आवश्यक सहयोग प्रदान करें, ताकि अद्यतन प्रक्रिया सुचारू रूप से पूरी की जा सके. उन्होंने दावे-आपत्तियां प्राप्त करने और उनकी सुनवाई के कार्य में और अधिक गति लाने पर विशेष जोर दिया। समीक्षा बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह एवं इछावर एसडीएम स्वाति मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि सुनवाई की प्रक्रिया एक माह तक चलनी है. कार्यालयों में भीड़ न हो, इसके लिए मतदाताओं को अलग-अलग तिथियों पर सुनवाई के लिए बुलाया जा रहा है. प्रतिदिन औसतन 50 से 100 मतदाताओं की सुनवाई की जा रही है, इसी कारण प्रक्रिया की गति फिलहाल धीमी नजर आ रही है.

### सीहोर विधानसभा में सबसे अधिक नो मैपिंग मतदाता

जिले की 4 विधानसभा सीटों में नो-मैपिंग मतदाताओं की स्थिति और अब तक हुई सुनवाई के आंकड़े के अनुसार सबसे अधिक नो-मैपिंग मतदाता सीहोर विधानसभा क्षेत्र में चिह्नित किए गए हैं. यहां 3660 मतदाता इस श्रेणी में दर्ज हैं. इनमें से अब तक 633 मतदाताओं की सुनवाई पूरी हो चुकी है. सबसे कम अनमैप्ड मतदाता इछावर में हैं. यहां कुल 2141 अनमैप्ड मतदाताओं में से 555 की सुनवाई हो चुकी है. बुदनी विधानसभा क्षेत्र में अनमैप्ट कुल 2944 मतदाताओं में से 254 ही सुनवाई में शामिल हुए हैं. आष्टा आष्टा में कुल अनमैप्ड 2594 मतदाताओं में से 611 मतदाता सुनवाई में शामिल हुए.




### दस्तावेज जमा करने के मिलेंगे तीन अवसर

निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि नो-मैपिंग मतदाताओं की सुनवाई की प्रक्रिया 14 फरवरी तक जारी रहेगी. यदि कोई मतदाता पहली सुनवाई में आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाता है, तो उसे जवाब प्रस्तुत करने के लिए कुल तीन अवसर दिए जाएंगे. इन अवसरों के बावजूद यदि संतोषजनक दस्तावेज जमा नहीं किए जाते हैं, तो नियमानुसार संबंधित मतदाता का नाम काटने की कार्रवाई की जाएगी.

# नसबंदी के बाद महिला की मौत, अस्पताल के द्वार पर रखा शव

- बारेला समाज ने डॉक्टरों पर लगाया लापरवाही का आरोप
- अस्पताल का घेराव कर की दोषियों पर कार्रवाई की मांग

नवभारत न्यूज

**भैरुंदा 15 जनवरी.** ग्राम सिंहपुर निवासी महिला की नसबंदी ऑपरेशन के बाद मौत हो जाने से क्षेत्र में आक्रोश फैल गया. परिजनों और ग्रामीणों ने सिविल अस्पताल पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए व दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है.

जानकारी के अनुसार 12 जनवरी सोमवार को शिवानी बारेला पत्नी नवल सिंह बरेला को नसबंदी ऑपरेशन के लिए सिविल अस्पताल लाया गया था. ऑपरेशन के करीब दो घंटे बाद ही महिला को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई. रात को अचानक महिला की तबीयत बिगड़ गई. अगले दिन परिजन उसे सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे. इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई. घटना की जानकारी मिलते ही समाज के सैकड़ों लोग अस्पताल पहुंच गए. भीड़ ने अस्पताल के गेट के ऊपर शव रखकर विरोध प्रदर्शन किया. मौके पर पुलिस प्रशासन मौजूद रहा और स्थिति को संभालने का प्रयास किया गया. पूर्व सरपंच विक्रम बरेला ने बताया कि उन्होंने प्रशासन को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी है. वहीं परिजनों का कहना है कि अस्पताल में जिन भी अधिकारियों या कर्मचारियों की लापरवाही सामने आए, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए.

कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सुनील गोलिया ने भी अस्पताल प्रशासन पर सवाल उठाए. उन्होंने कहा कि सिविल अस्पताल का ढांचा पूरी तरह बिगड़ा हुआ है और इससे पहले भी यहां ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं. बावजूद इसके प्रशासन मौन है. उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी स्वास्थ्य योजनाएं जमीन पर पूरी तरह चरमराई हुई नजर आ रही हैं. फिलहाल पुलिस प्रशासन जांच में जुटे हैं. पीएम रिपोर्ट और जांच के बाद आगामी कार्रवाई की बात कही जा रही है. घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बना है.




### स्वास्थ्य शिविर में किया 13 यूनिट रक्तदान

**सीहोर.** रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा ग्राम सेमरादांगी में स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. सचिव विपुल चांडक ने बताया कि शिविर में 210 हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया गया तथा नि:शुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गई. शिविर के दौरान 13 यूनिट रक्तदान भी प्राप्त हुआ. स्वास्थ्य शिविर में विशेष रूप से बच्चों एवं महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई. स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पाकर ग्रामवासियों में उत्साह देखने को मिला. शिविर के सफल आयोजन पर ग्रामीणों ने सचिव विपुल चांडक के प्रति आभार माना.

**पत्रकार वार्ता** — नगर की प्रगति के लिए प्रतिभाओं का सम्मान आवश्यक : नपाध्यक्ष प्रिंस

# फरवरी में नपा करेगी नगर की प्रतिभाओं का सम्मान

नवभारत न्यूज

**सीहोर 15 जनवरी.** किसी भी नगर का विकास सही मायनों में तभी हो सकता है, जब उस नगर की प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाए. प्रतिभाओं के सम्मान से अन्य वर्गों के लोगों को भी प्रेरणा मिलती है. ऐसी प्रतिभाओं को मंच से सम्मान देने के लिए नपा सात फरवरी को सम्मान समारोह आयोजित कर रही है.

उक्त विचार नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कहे. नपाध्यक्ष ने कहा कि नपा द्वारा शहर के सभी वार्डों में तेजी से विकास कार्य किया जा रहा है. हमारा शहर स्वच्छता के मामले में प्रदेश की नगर पालिका में अव्वल है और यहां पर रहने वाले सभी लोग अपनी जिम्मेदारियों के साथ परिषद को सहयोग कर रहे है. कई लोग नगर के लिए प्रेरणा बन चुके हैं. उसमें संडे का सुकून की टीम ने लगातार एक साल तक जिला अस्पाताल में पहुंचकर निशुल्क भोजन की व्यवस्था की. इसके अलावा राजू सोनी अंतिम संस्कार में शामिल होकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं, ऐसे कई लोग है जो समाज में सराहनीय कार्य करते हुए आ रहे हैं. नगर पालिका परिषद कला, साहित्य, शिक्षा, समाजसेवी संगठनों के अलावा खेल सहित अन्य क्षेत्रों में छुपी प्रतिभाओं का सम्मान करना चाहती है. इसके लिए आपके सुझाव और रुपरेखा बनाने के लिए इस बैठक का आयोजन किया जा रहा है. आगामी सात फरवरी को होने वाले सम्मान समारोह के लिए सेलिब्रिटी, संत और जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा.



### सहस्त्र चंडी महायज्ञ का 18 से प्रारंभ

**सीहोर.** संयुक्त मां कालका उत्सव समिति के तत्वाधान में करोली वाली माता मंदिर में आगामी 18 से दस दिवसीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा. इसको लेकर कार्यक्रम अध्यक्ष विवेक राठौर ने महायज्ञ स्थल का निरीक्षण किया. इस मौके पर महायज्ञ के यज्ञाचार्य पंडित महादेव शर्मा मुख्य यजमान सूत्रधार तरुण राठौर सहित बड़ी संख्या में विप्रजन मौजूद थे. श्री राठौर ने बताया कि महायज्ञ में नगर के सभी सनातनी जनों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था की है. मीडिया प्रभारी प्रदीप समाधिया ने बताया दस दिवसीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ में प्रतिदिन भंडारे का आयोजन किया जाएगा. पहले दिन भव्य कलश यात्रा हेमाद्री दोपहर तीन बजे और 19 जनवरी को अग्नि स्थापना नित्य हवन पूजन सुबह सात से पांच बजे तक जारी रहेगी. यज्ञ आचार्य पंडित महादेव शर्मा के मार्गदर्शन में दिव्य अनुष्ठान आयोजित होगा.


### नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुझ अशोक कुमार वर्मा के पुत्र के आधार कार्ड क्र. 501251189249 में त्रुटिवश मुझ प्रार्थी के पुत्र का नाम वेद वर्मा VAID VERMA अंकित हो गया है एवं मुझ प्रार्थी के पुत्र के अन्य दस्तावेज, जन्म प्रमाण पत्र में वेदांश वर्मा VEDANSH VERMA पुत्र अशोक कुमार वर्मा नाम अंकित है जो कि वास्तविक व सही नाम है। अत: प्रकाशन उपरांत मेरे पुत्र का नाम वेदांश वर्मा पुत्र अशोक कुमार वर्मा के नाम से जाना व पहचाना जावे।

प्रार्थी
अशोक कुमार पुत्र श्री सुखराम आयु 32 वर्ष निवासी ग्राम दुर्गपुरा तह. इछावर जिला सीहोर पिन 466113
मोबाइल -9111000724